हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 8 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

10 राजिम के 11 बूथों को लेकर बैठक में चर्चा



12 नवरात्रि में महंगे हुए फल, सेब 150 रु. किलो...





## नवरात्रि विशेष



### पंचमीः स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकिय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-

नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी॥

**मांग : राजापडाव गौरगांव क्षेत्र की आठ ग्राम पंचायतों के हजारों ग्रामीणों ने बैठक में लिया निर्णय**

# 62 स्कूलों में होगी तालाबंदी, राशन भी नहीं खरीदेंगे जब तक बुनियादी समस्याओं का नहीं होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखंड मुख्यालय अन्तर्गत राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों ने ग्राम गोना में बैठक आयोजित कर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया की जब तक क्षेत्र के बुनियादी मांगों का निराकरण प्रशासन के द्वारा नहीं किया जाता है तब तक राजापड़ाव गौरगांव इलाके के लगभग 62 सरकारी स्कूलों में तालाबंदी करते हुए क्षेत्र के हजारों ग्रामीण आगामी माह से सोसायटी मे शासकीय उचित मूल्य के दुकान में राशन नहीं खरीदी करेंगे। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित उप स्वास्थ्य केंन्द्रो में भी तालाबंदी करने निर्णय में शामिल है। और तो और क्षेत्र में होने वाले साप्ताहिक बाजारों को भी समर्थन में बंद किया जावेगा। जय अंबेडकरवादी युवा संगठन के अध्यक्ष पतंग कुमार मरकाम ने कहा ऐसा कठोर निर्णय क्षेत्रवासियों ने मजबूरी में लिया है। उन्होने बताया 4 अक्टूबर दिन शुक्रवार को एसडीएम मैनपुर के द्वारा पूरे विभागीय अमले को लेकर शोभा में संगठन के कोर कमेटी के मुखियाओं के साथ में बैठक लेते हुए विकासखंड एवं जिला स्तर के समस्याओं का समाधान तय समय पर कर लिया जाएगा। लेकिन उच्च स्तरीय मांगों के लिए समय देना होगा लेकिन क्षेत्र के हर मांग पूरा किया जावेगा। लेकिन हमें नहीं लगता क्षेत्र के समस्याओं का निराकरण तय समय सीमा पर होगा। ऐसा लॉलीपॉप वर्षों से प्रशासन के द्वारा हमें दिया जा रहा है लेकिन समस्या जस के तस बनी हुई है। वर्षों से क्षेत्रवासी शिक्षा स्वास्थ्य आवागमन पुल- पुलिया, बिजली सहित विभिन्न आवश्यक समस्याओं से जूझ रहे हैं। लोकतांत्रिक ▸▸| शेष पेज 10 पर

■ आज सौपेंगे कलेक्टर को ज्ञापन

### समस्याओं निराकरण करें नहीं तो 21 को करेंगे चक्काजाम

ग्राम पंचायत गोना के सरपंच सुनील कुमार मरकाम सहित राजापड़ाव क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र के 20 से 25000 हजार ग्रामीणों के साथ में चुनी हुई सरकार वादा खिलाफी करते हुए मूलभूत आवश्यक मांगों को पूरा नहीं कर पा रही है। प्रशासन को मौका दिया जाता है राजापड़ाव क्षेत्र के समस्याओं पर तय समय सीमा में निराकरण करें अन्यथा हर हाल में 21 अक्टूबर को नेशनल हाईवे रायपुर देवभोग मार्ग राजापड़ाव पर चक्काजाम होगी जिसमें हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी सड़क जाम करेंगे। जहां क्षेत्र भर के देवी देवताओं का हुजूम भी शामिल रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से जय अम्बेडकरवादी युवा संगठन के अध्यक्ष पतंग मरकाम, प्रताप सिंह नेताम, बुधलाल नेताम, मेहत्तर नेताम, श्री राम मरकाम, हीरा सिंह मंडावी, रमेश मरकाम, रामदेव मरकाम, बुधलाल मरकाम,बंसीलाल मरकाम, परशुराम यादव, महेश सूर्यवंशी, दशरथ मरकाम, लखन नेताम, सुगंध नेताम, पतंग कुमार मरकाम, पुरुषोत्तम परदे, प्रतिमा नेताम,रेखा नेताम, नकुल नागेश,लिलेश्वरी मरकाम,रमेश मरकाम, गोकुल राम नेताम,कुमारी मरकाम, फूलचंद मरकाम,जीवन नेताम,सुनील कुमार मरकाम, नंदलाल नागेश, सरवन कुमार सोरी, आशु लाल मरकाम, बिकऊ राम नेताम,कैलाश मरकाम, कार्तिक नेताम,राम प्रसाद,धनेश नागरची, अशोक कुमार मरकाम, टिकेश्वरी मरकाम, दुर्गेश्वरी नेताम, अंकिता नेताम, पिंकी नेताम,पनकिन नेताम, सरस्वती मरकाम, पुष्पा मरकाम, भोजबति नेताम, कविता मंडावी सहित क्षेत्र भर के हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी शामिल रहे।



### सिधौरी में नाली निर्माण, दो दिन में ही धराशाई



राजिम। ग्राम सिंधौरी में 2 दिन पहले हुए नाली निर्माण की स्थिति देखकर ही लग रहा है कि निर्माण कार्य कितनी घटिया स्तर में हुई है। निर्माण के दो दिन बाद ही टूट कर सत्यानाश हो गया है जिससे ग्रामीणों ने क्वालिटी की जांच करने की मांग की है। ग्राम पंचायत सिंधौरी के ग्रामवासी खिलावन निर्मलकर, सुनील वर्मा, गौतम निषाद, मंगलू पटेल, पुसऊ यादव ने बताया कि पंचायत द्वारा नाली निर्माण किया जा रहा है जिसकी ढ़लाई का काम 2 दिन पहले ही हुई है और यह हाल हो गया है। इस ढ़लाई के काम में सीमेंट कम और रेत ज्यादा मिलाया गया है जिसके कारण मसाला की क्वालिटी घटिया हुई है। वहीं कुछ ग्रामीणों ने बताया कि ढ़लाई की दो दिन बाद ही इसमें खाली ट्रैक्टर चलाया गया है जिसके कारण यह हाल हुई है।

## 11 नग सागौन सिलपट जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार, 10 फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के जंगल में वन विभाग ने सागौन तस्करी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपियों से सागौन के चिरान के साथ जंगली सुअर दांत, कछुए का छाल, बंदर की खोपड़ी, कलच वायर का फंदे भी जप्त किया गया है। वनविभाग ने बताया कि रिसगांव कोर एरियाद्ध के कक्ष क्रमांक 246 में दिनांक 5 अक्टूबर को ग्राम संबलपुर उड़ीसा के 11 व्यक्तियों के द्वारा अपने स्वयं के कुल्हाड़ी आरा लेकर बलात प्रवेश कर 14 नग सागौन वृक्षों की कटाई कर 11 नग सिलपट बनाकर ले जाते समय पेट्रोलिंग श्रमिक और संयुक्त वन प्रबंधन समिति साल्हेभाठ के सदस्यो के द्वारा घेरा बंदी कर पकड़ने की कोशिश किया गया, जिसमे 01 व्यक्ति सुकालू राम पिता मिन्दरु गोड़ को पूछताछ के लिए बाकि 10 व्यक्ति मौके से फरार हो गये। सुकालू राम को पकड़कर परिक्षेत्र कार्यालय रिसगांव लाकर पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान उसने 10 आरोपी क नाम बताया। आरोपी को पुलिस थाना सिहावा में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। दिनांक 7 अक्टूबर ▸▸| शेष पेज 10 पर

■ आरोपी से सुअर दांत कलच वायर बंदर की खोपड़ी भी बरामद








प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

# केवाईसी में दिक्कत, तीन माह से पेंशन नहीं, खाने-पीने में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर के गरीब, अशक्त, असहाय और दिव्यांग पेंशनरों को तीन माह से पेंशन नहीं मिली है। हर महीने पेंशन मिलने की आस में वे वार्ड में लगने वाले शिविर में अपना बैंक खाता लेकर उम्मीद के साथ जाते हैं कि उनके खाते में पेंशन की राशि आई होगी, पर बैंक के अधिकारी उन्हें ये कहकर बैरंग लौटा रहे कि उन्होंने केवाईसी नहीं कराई।

कुछ पेंशनर ऐसे भी हैं, जिनके हाथों की रेखाएं घिस जाने से फिंगरप्रिंट में दिक्कत आ रही है। चलने-फिरने में तकलीफ के बाद भी उन्हें केवाईसी के नाम पर परेशान किया जा रहा है। यह स्थिति किसी एक वार्ड की नहीं, पूरे 70 वार्डों में है। निगम प्रशासन इस मामले में लापरवाह बना हुआ है।

**केस 1**

### तीन माह से खाते में पैसा नहीं

छत्तीसगढ़ नगर की 70 वर्षीया कृष्णाबाई साहू पति झड़ीराम साहू के खाते में 3 माह से पेंशन की राशि नहीं आई है। शिविर में जाकर पता किया तो बैंक वालों ने कहा कि उनके खाते में पैसा नहीं आया। बुजुर्ग महिला पेंशन के लिए बेहद परेशान है, बैंक वाले कुछ बता नहीं रहे कि पैसा कब तक आएगा। इससे उन्हें आर्थिक तंगी से जूझना पड़ रहा है। मामला केवायसी में फंसा बताया जा रहा।

### दस जोन के 70 वार्डों में कमोबेश यही स्थिति





*चार माह से नहीं मिली निराश्रित पेंशन : शहीद पंकज विक्रम वार्ड के छत्तीसगढ़ नगर रहवासी 65 वर्षीय रनिया बाई साहू के बैंक खाते में 4 माह से पेंशन की राशि नहीं आई। पेंशन नहीं मिलने से परेशान वृद्धा ने वार्ड पार्षद को अपनी परेशानी बताई। शिविर में बैंक वाले ये कहकर लौटा देते हैं कि अगले माह पेंशन की राशि आ जाएगी। निराश्रित पेंशन ही उनका सहारा है, पर इसके लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है।*

**केस 2**

### केवाईसी के लिए चक्कर

कालीमाता वार्ड के तरूण नगर निवासी छोटेलाल, रामू साहू, रमशिला बाई और शक्तिनगर की मथुरा पटेल पेंशन के लिए भटक रही हैं। इन हितग्राहियों को ये कहा जा रहा है कि केवाईसी नही हुई, इसलिए पैसा नहीं। केवाईसी के लिए इन्हें बैंक वाले के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। बैंक वाले आधारकार्ड और फोटो, बैंक खाते की फोटोकॉपी लेकर गए हैं, फिर भी भी खाते में पैसा नहीं आ रहा है।

### जोन कमिश्नर को जिम्मेदारी, शिविर लगेंगे

पेंशनरों के खाते में पेंशन नहीं आने की शिकायत मिली है। सामान्य सभा के प्रश्नकाल में पार्षद अमितेश भारद्वाज के प्रश्न लगाने पर मामला उठा था। विभागीय अधिकारी को तलब किया है। दस दिन के अंदर सभी वार्डों में निराश्रित, दिव्यांग, बुजुर्ग पेंशनरों के खाते की केवाईसी कराने शिविर लगाने की हिदायत दी गई है। जोन कमिश्नर को इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

**- प्रमोद दुबे,** सभापति, ननि रायपुर

## खबर संक्षेप



### माता के दर्शन करने पहुंचे विधायक, हुआ स्वागत

**रायपुर।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी धरमपुरा जोरा स्थित मां दुर्गा के पंडाल में रविवार को पूर्व श्रम मंत्री और बैकुंठपुर के विधायक भैय्यालाल राजवाड़े पहुंचे। इसके बाद मातारानी की पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान कॉलोनीवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में पूजा पंडाल के अध्यक्ष राजेश टंडन, माना मंडल भाजपा की प्रचार-प्रसार मंत्री ज्योति यादव, सचिव दीपा मानिकपुरी, आर. रजनी और कला सेन आदि शामिल रहे।

### शीतला मंदिर गोंदवारा में 118 ज्योति कलश की स्थापना



**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर संत कबीरदास वार्ड नंबर-3 स्थित आदिशक्ति जगतजननी मां शीतला मंदिर गोंदवारा में ज्योति कलश की स्थापना भक्तिभाव के साथ की गई है। नौ दिवसीय नवरात्रि पर्व वर्ष में दो बार मनाया जाता है और पूरे नौ दिवस तक अलग-अलग दिन मातारानी के नौ रूपों की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं भक्त मातारानी से मनवांछित इच्छाओं की पूर्ति के लिए जंवारा और कलश भी मंदिरों में स्थापित करते है। इस वर्ष शीतला माता मंदिर गोंदवारा में 118 ज्योति कलश की स्थापना की गई है।

### अजय बने कृषक नगर जन विकास समिति के अध्यक्ष

**रायपुर।** प्रोफेसर कॉलोनी जोरा स्थित शिव मंदिर परिसर में रविवार को कृषक नगर जनविकास समिति की



आमसभा हुई। इस बैठक में तीन वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी गठित की गई, जिसमें समिति का अध्यक्ष अजय शर्मा और उपाध्यक्ष इंदू वर्मा को चुना गया। इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि आप सबके विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। उन्होंने बताया कि आज हुई आमसभा की बैठक में जोरा स्थित प्रोफेसर कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के साथ ही साथ विकास के मुद्दों पर चर्चा हुई।

### 60 रुपए किलो का धनिया चिल्हर में दो सौ रुपए किलो

# चौतरफा मुनाफाखोरी का खेल, थोक में टमाटर 55 और चिल्हर में 80 से 100 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

त्योहारी सीजन में चौतरफा जमकर मुनाफाखोरी का खेल चल रहा है। इस माह के अंत में टमाटर की लोकल फसल आएगी। फसल के आने से पहले बाहर से मंगाए जा रहे टमाटर की कीमत में इजाफा हो गया है। हालांकि थोक में तो कीमत कम बढ़ी है, लेकिन चिल्हर काराबोरी जमकर मुनाफाखोरी कर रहे हैं, यही वजह है कि थोक में जो अच्छी क्वालिटी का टमाटर 50 से 55 रुपए किलो में मिल रहा है, उसे ज्यादातर सब्जी बाजारों में 80 से 100 रुपए में बेचा जा रहा है। ऐसा ही धनिया के साथ हो रहा है। धनिया की कीमत इस सप्ताह बहुत कम हो गई थी और यह चिल्हर में ही 60 रुपए किलो हो गया था, लेकिन अब चिल्हर में यह दो सौ रुपए किलो तक बेचा जा रहा है, जबकि थोक में इसकी कीमत 50 से 60 रुपए है।

त्योहारी सीजन में हमेशा से ही जमकर मुनाफाखोरी करने का खेल चलता है। नवरात्रि से जैसे ही त्योहारी सीजन का आगाज हुआ है, वैसे ही घरेलू सामान में मुनाफाखोरी का खेल प्रारंभ हो गया है। पहले खाद्य तेलों में आयात शुल्क बढ़ने के कारण कीमत 40 रुपए तक बढ़ा दी गई, अब सब्जियों के दाम में भी मुनाफाखोरी की जा रही है। वैसे सब्जियों में मुनाफाखोरी का खेल नया नहीं है, लेकिन त्योहारों को देखकर कीमत में और ज्यादा खेल चिल्हर कारोबारी करते हैं।



### चिल्हर में टमाटर के दाम डबल

थोक सब्जी मंडी में इस समय टमाटर की आवक कर्नाटक से हो रही है। बीते माह तक आवक ठीक रहने के कारण चिल्हर में टमाटर की कीमत 40 से 50 रुपए थी, लेकिन विगत माह के अंत में कीमत में तेजी आने का क्रम प्रारंभ हुआ। अब तो अक्टूबर के पहले सप्ताह में कीमत में भारी तेजी आ गई है। हालांकि यह तेजी चिल्हर में बाजार में ज्यादा आई है। थोक में टमाटर की कीमत अच्छी क्वालिटी की 50 से 55 रुपए है, लेकिन शास्त्री मार्केट से लेकर शहर के चिल्हर सब्जी बाजारों में अच्छी क्वालिटी का टमाटर सौ रुपए में बेचा जा रहा है, यानी थोक से करीब डबल दाम चिल्हर ग्राहक से लिए जा रहे हैं। आने वाले समय में 20 दिनों के अंदर लोकल टमाटर आ जाएगा तो कीमत जमीन पर आ जाएगी, इसके पहले कारोबारी मुनाफाखोरी से जमकर कमाई करना चाहते हैं।



### धनिया में चिल्हर ग्राहकों से लूट

धनिया की कीमत बीते माह थोक में तीन सौ रुपए और चिल्हर में चार सौ रुपए तक चली गई थी, लेकिन इस माह के प्रारंभ में धनिया थोक में जहां 30 रुपए किलो पर आ गया था, वहीं चिल्हर में 60 रुपए किलो मिलने लगा था, लेकिन अब वापस इसकी कीमत में इजाफा होने लगा है। थोक में इसकी कीमत 50 से 60 रुपए हो गई है, लेकिन चिल्हर कारोबारी इसको डेढ़ से दो सौ रुपए में बेच रहे हैं। जहां शास्त्री मार्केट में धनिया 35 से 40 रुपए पाव मिल रहा है, वहीं दूसरे सब्जी बाजार में यह 50 रुपए पाव बेचा जा रहा है।

### आवक कम होने के बढ़ी कीमत

टमाटर की आवक अब कर्नाटक से रोज 8 से 10 ट्रक ही हो रही है। पहले यह 20 ट्रक तक आ रहा है। इसके कारण थोक में कीमत 50 से 55 रुपए हो गई है। धनिया भी थोक में 50 से 60 रुपए किलो है।

**- टी. श्रीनिवास रेड्डी,** अध्यक्ष डूमरतराई थोक सब्जी बाजार एसोसिएशन

# राजिम के 11 बूथों को लेकर बैठक में चर्चा




**राजिम।** भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर राजिम में बैठक हुई। शक्ति केंद्र प्रभारी शरद पारकर ने बताया कि इस बैठक में राजिम के 11 बूथों को लेकर चर्चा किया गया। अब तक बनाये गए भाजपा सदस्यों को लेकर समीक्षा बूथ 91 से 101 तक किया गया। श्री पारकर ने कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को हम सबको मिलकर पूरा करना है। सदस्यता अभियान में तेजी लाने बूथ अध्यक्ष एवं उनकी टीम लगी हुई है। इस बैठक में प्रभारी सोमनाथ पटेल, संयोजक पुरन यादव, संयोजक मधु नत्थानी, योगेश्वर पुरी गोस्वामी, खुशी साहू, ईश्वर साहू, सत्यनारायण धीवर आदि मौजूद थे।

## 841 करोड़ में होगी सड़कों की मरम्मत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बारिश के बाद सड़कों की मरम्मत कराने का फरमान लोक निर्माण मंत्री ने जारी किया है। मंत्री के फरमान के बाद सभी संभागीय कार्यालयों द्वारा उन सड़कों का प्रस्ताव भेजा जा रहा है, जहां कार्य होना है। विभाग ने सड़कों के संधारण के लिए 841 करोड़ का प्रावधान किया है। बारिश के कारण सरगुजा, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर सहित कई ग्रामीण इलाकों की सड़कों पर गड्ढे नजर आ रहे हैं। अब बारिश खत्म होने के बाद विभाग ने युद्धस्तर पर काम शुरू कर नवंबर तक इसकी मरम्मत कराने का निर्णय लिया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि संभागीय कार्यालयों के प्रस्ताव को स्वीकृति देने के बाद इसका कार्यादेश जारी करने की प्रकिया शुरू होगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा उन सड़कों पर पहले ध्यान दिया जा रहा है, जो ज्यादा खराब हैं। इनमें बिलासपुर संभाग की अधिकांश सड़कें शामिल हैं। यहां पर शामिल सड़कों को लेकर जिलेवार जानकारी दी गई है। अधिक बारिश की वजह से जलजमाव के कारण ज्यादातर सड़कें खराब हुई हैं। ऐसी सड़कों की मरम्मत के समय पानी निकासी और ढलान सही कर ठीक करने का काम होगा। विधानसभा चुनाव के पहले कई सड़कों का डामरीकरण कर उन्हें नया किया गया था।

## 'हरिशंकर परसाई व्यंग्य सम्मान' लखनऊ के व्यंग्यकार अनूप को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हिंदी साहित्य व व्यंग्य संस्थान की ओर से व्यंग्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में रखा गया। हरिशंकर परसाई व्यंग्य सम्मान लखनऊ के सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार अनूप मणि त्रिपाठी को, छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान सुनील रामदास अग्रवाल तथा छत्तीसगढ़ साहित्य सम्मान लोक बाबू को दिया गया। छत्तीसगढ़ समाज सेवा सम्मान नवदृष्टि फाउंडेशन दुर्ग को दिया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि निगम के सभापति प्रमोद दुबे, छग योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, छत्तीसगढ़ी विप्र समाज के अध्यक्ष विनय तिवारी तथा नई दिल्ली के प्रखर व्यंग्य आलोचक डॉ. रमेश तिवारी तथा हिंदी साहित्य व व्यंग्य संस्थान के अध्यक्ष व वरिष्ठ व्यंग्यकार राजशेखर चौबे मौजूद रहे। अनूप मणि त्रिपाठी ने अपना




व्यंग्य 'सांपों की सभा' का पाठ कर खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का संचालन शुभ्रा ठाकुर ने किया।

इस दौरान वरिष्ठ व्यंग्यकार राजशेखर चौबे के व्यंग्य संग्रह 'संतरा गणतंत्र' पर चर्चा का आयोजन किया गया। डॉ. रमेश तिवारी, रमेश सैनी और डॉ. महेंद्र कुमार ठाकुर ने व्यंग्य संग्रह 'संतरा गणतंत्र' की समीक्षा की। इस दौरान पुस्तक मेला आकर्षण का केंद्र रहा।

समारोह के दूसरे सत्र में 'आज का समय और हरिशंकर परसाई' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ व्यंग्यकार विनोद साव दुर्ग ने की।

## नहीं मिला सशस्त्र बल, आंबेडकर अस्पताल की सुरक्षा अब भी निहत्थे जवानों के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- कोलकाता मेडिकल कॉलेज कांड के बाद गरमाया मामला ठंडा पड़ा

कोलकाता मेडिकल कॉलेज में हुई घटना के बाद आंबेडकर अस्पताल की सुरक्षा पुख्ता करने के लिए मांगा गया सशस्त्र बल अभी भी प्रक्रिया में अटका हुआ है। अस्पताल की सुरक्षा का जिम्मा अभी भी बिना लाठी वाले निजी एजेंसी के सुरक्षा जवानों के भरोसे है। आंबेडकर अस्पताल के अलावा डीके अस्पताल द्वारा भी 12 सशस्त्र जवानों की तैनाती के लिए प्रस्ताव भेजा गया था।

मामला गरमाने के बाद अस्पताल और कॉलेज प्रबंधन ने सुरक्षा संसाधनों को अपडेट करने की जरूरत बताई थी। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12-12 बंदूकधारी जवानों की ड्यूटी लगाने पर सहमति जताई गई थी। अस्पताल प्रबंधन से पुलिस विभाग को पत्र भेजने कहा गया था, जिसकी प्रक्रिया पूरी हुई, मगर समय बीतने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। आंबेडकर अस्पताल में सुरक्षा के साथ अन्य कार्यों की जिम्मेदारी अभी भी निजी एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले सुरक्षा गार्डों के भरोसे हैं। अस्पताल के संवेदनशील इलाकों में ड्यूटी करने के बजाय इनका ज्यादातर उपयोग गेट और ओपीडी में हो रहा है। अस्पतालों में सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने की योजना भी थी, मगर इस पर भी काम शुरू नहीं हो पाया है। डीके अस्पताल में भी सशस्त्र बल की तैनाती के लिए



प्रस्ताव भेजा गया था, मगर वहां भी निजी कंपनी के गार्ड ही सुरक्षा का काम संभाल रहे हैं।

### रास्तों का भी वही हाल

आंबेडकर अस्पताल के पिछले हिस्से में बनाए गए छात्रावास तक पहुंच के लिए सुगम रास्ता बनाने हिदायत दी गई थी। महीनेभर बाद भी उसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है और रात के बाद उस इलाके में चिकित्सकों की आवाजाही अंधेरे भरे रास्ते से हो रही है। वहां सुरक्षा गार्डों की उपस्थिति दिन के बाद दिखाई नहीं पड़ रही है।

### आंबेडकर में 170, डीके में 82 सुरक्षा गार्ड

आंबेडकर अस्पताल में कुल 170 निजी एजेंसी के सुरक्षा जवान तैनात हैं। इसी तरह डीके अस्पताल में इनकी संख्या 82 है। सुरक्षा गार्ड तीन शिफ्ट के हिसाब से अपनी ड्यूटी पूरी करते हैं। इन जवानों को सुरक्षा के लिए आवश्यक ट्रेनिंग देने की योजना थी, जो अभी भी अधूरी है।

## सच्चियाय माता की शोभायात्रा श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**रायपुर।** श्री सच्चियाय माता सेवक संघ द्वारा रविवार को श्री सच्चियाय माता कुलदेवी (ओसियां) की भव्य शोभायात्रा मंडी गेट पंडरी स्थित मंदिर से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा का समापन गुजराती स्कूल देवेंद्र नगर में किया गया। इसके बाद सामूहिक पूजा कर महाआरती की गई। इस संबंध में समिति के सदस्य राजकुमार राठी और राजेंद्र बैद ने बताया कि महाआरती के बाद माता को 56 भोग अर्पित किए गए। शाम को रास गरबा एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जहां माता के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सूरत एवं दिल्ली के कलाकार नीलेश बाफना एवं पुलकित खटेड द्वारा श्री सच्चियाय माता के भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई। श्री सच्चियाय माता ओसवाल समाज, माहेश्वरी समाज सहित अनेक समाज की कुलदेवी हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेंद्र बैद, मनीष समदड़िया, जयकिशन मोहता, पवन करणानी, सुभाष कोठारी, नरेंद्र पारख, मनीष सिंघी, संजय बैद, उमेद बैद, कमलेश चोपड़ा, पवन मोहता, रंजू बैद सहित माता के हजारों भक्तों का विशेष योगदान रहा।

### आम जनता से जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए न्याय यात्रा की जाएगी

# बैज ने दिए संकेत- जहां कांग्रेस कमजोर, वहां जारी रहेगी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ में बलौदाबाजार आगजनी कांड, कवर्धा के लोहारीडीह मामले और कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर 125 किमी न्याय यात्रा की सफलता के बाद कांग्रेस कमेटी अब दूसरी जगहों से ऐसी यात्रा शुरू करने के संबंध में रणनीति तैयार कर रही है। कांग्रेस का फोकस ऐसी जगहों पर होगा, जहां कांग्रेस पिछड़ गई है। वहां पर ऐसे मुद्दे, जिन पर सरकार को घेरा जा सके, इसकी पूरी जानकारी जुटाने के बाद आने वाले दिनों में बस्तर, सरगुजा और अन्य संभागों से ऐसी यात्रा शुरू की जाएगी। फिलहाल अभी निकाय और पंचायत चुनाव पर पार्टी का फोकस रहेगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद कानून व्यवस्था की स्थिति पर कांग्रेस का फोकस अधिक रहा। ऐसी घटनाएं भी इस दौरान हुई कि कांग्रेस को इसका लाभ मिला। विपक्ष की भूमिका में कांग्रेस सरकार का लगातार घेरने का प्रयास कर रही है। यहां पर महिलाओं के साथ अनाचार की घटनाओं के साथ ही बेरोजगारी और अन्य मामलों को लेकर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। अब सरकार के एक साल के कार्यकाल की समीक्षा के बाद कांग्रेस अपनी रणनीति को मूर्त रूप देगी। आम जनता से पार्टी के जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए न्याय यात्रा की जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने साफ कहा है कि कांग्रेस की न्याय यात्रा का समापन नहीं हुआ है, बल्कि अभी विराम लगा है। आगे भी ये यात्रा प्रदेश की दूसरी जगहों पर जारी रहेगी। पार्टी जनता से जुड़े मामलों को सड़क की लड़ाई के माध्यम से जनता तक पहुंचाने के प्रयास में है।

### नई नियुक्ति के बाद तय करेंगे टारगेट

*प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को एआईसीसी ने निर्देश दिए हैं कि कांग्रेस संगठन को और मजबूत बनाने के लिए नई नियुक्तियां की जाएं और निष्क्रिय लोगों को हटाकर सक्रिय लोगों को रखा जाए। पीसीसी ने अपनी सूची से हाईकमान को अवगत कराया है। आने वाले दिनों में इसके जारी होने की संभावना है। नई नियुक्ति के बाद नए सिरे से उन्हें टारगेट देकर अपने क्षेत्र की समस्याओं और घटनाओं के संबंध में पूरी जानकारी लेने के बाद वहां पर सड़क की लड़ाई लड़ने यात्राओं के लिए जिलास्तर पर आयोजन होगा। बड़े नेताओं को इसमें भाग लेने के अलावा स्थानीय लोगों को जोड़ने पर जोर दिया जाएगा।*

### एकजुटता का प्रयास

विधानसभा चुनाव की समीक्षा के दौरान यह सामने आई कि आपसी समन्वय न होने के कारण चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। प्रदेश प्रभारी ने उसके बाद प्रदेश कांग्रेस नेताओं को एकजुट करने की रणनीति तैयार की है। रणनीति के तहत अब सभी संभागों में इस तरह के आयोजन होंगे। अब उन सभी संभागों को लेकर प्रभारी सचिवों के माध्यम से किन-किन मुद्दों पर यात्रा की जाए, इसे स्थानीय और प्रदेश के नेताओं के साथ बैठक में तय किया जाएगा। प्रभारियों को उसके अनुसार जिलों की अलग-अलग विधानसभा का प्रभार दिया गया है।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 1166.3 मिमी. औसत वर्षा

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1166.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 06 अक्टूबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2379.7 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 606.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 634.5 मिमी, सूरजपुर में 1160.8 मिमी, बलरामपुर में 1733.8 मिमी, जशपुर में 1064.1 मिमी, कोरिया में 1127.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1088.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार रायपुर जिले में 957.6 मिमी, बलौदाबाजार में 1188.3 मिमी, गरियाबंद में 1100.8 मिमी, महासमुंद में 969.8 मिमी, धमतरी में 1035.5 मिमी, बिलासपुर में 996.9 मिमी, मुंगेली में 1115.5 मिमी, रायगढ़ में 1111.6 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 734.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1223.4 मिमी, सक्ती 1063.1 मिमी, कोरबा में 1419.1 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1207.5 मिमी, दुर्ग में 655.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

पेज 9 के शेष...

### 62 स्कूलों में होगी...

व्यवस्था के आधार पर वोट देकर के हम सभी लोग सरकार बनाते हैं। लेकिन चुनी हुई सरकार राजापड़ाव क्षेत्र के लिए सौतेला व्यवहार करती है। ऐसा हमें आभास हो रहा है।

**वर्षों से लंबित मांगों को पूरा करें-** जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार कहती है अंतिम पंक्ति में खड़े हुए लोगों का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता है लेकिन विकास से कोसों दूर आज क्षेत्रवासी वर्षों से शोषित पीड़ित वंचित हैं। हमने एक बार नहीं सैकड़ों बार अफसरों के आश्वसन के बाद ठगे गए है। इस बार आर- पार की लड़ाई सुनिश्चित होना चाहिए। राजापड़ाव क्षेत्र के मुखिया प्रताप सिंह नेताम ने कहा कि क्षेत्र के देवी-देवताओं का आशीर्वाद लेकर हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी इस बार आंदोलन करेंगे। दशहरा के बाद क्षेत्र के सभी स्कूलों में जय अंबेडकरवादी युवा संगठन एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के साथ मिलकर 15 अक्टूबर को तालाबंदी करेंगे। आगामी माह मे हजारों ग्रामीण मजबूरी मे राशन नहीं लेंगे जब तक के मांगे पूरी नहीं होगी क्षेत्र के हर ग्रामीण राशन दुकान में राशन लेने नहीं जाएंगे। कहीं ना कहीं क्षेत्र वासियों का आक्रोश दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। प्रशासन को क्षेत्र के समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए वर्षों से लंबित मांगों को हर हाल में पूरा करना चाहिए। समस्याओं के समाधान के लिए अंतिम प्रयास 8 अक्टूबर को कलेक्टर से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के द्वारा भेंट मुलाकात किया जाएगा।

### 11 नग सागौन...

को प्रकरण के सभी 10 आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए एन्टीपोचिंग टीम उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व का सहयोग लिया गया। एन्टीपोचिंग टीम के द्वारा 3 आरोपियों के द्वारा छुपाये गये स्थान से 7 नग सागौन स्लीपर को जप्त किया गया। 10 आरोपी अभी फरार हैं।

## खबर संक्षेप




### लफंदी में नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण आज

**राजिम।** क्षेत्र के लफंदी में 8 अक्टूबर को नवीन पंचायत भवन लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू करेंगे। यह जानकारी देते हुए सरपंच इंद्राणी-नेहरू साहू ने बताया कि विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सभापति जगदीश साहू व राजिम मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा मौजूद रहेंगे। उपसरपंच नेहरू साहू ने बताया कि शाम सात बजे ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण होगा और रात आठ बजे अटल चौक बाजार चौक में रायपुर के घनश्याम साहू का लोक संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

### गांव-गांव में राजिम भक्तिन माता चौक का निर्माण हो : घनश्याम

**राजिम।** साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के संरक्षक घनश्याम साहू ने कहा कि प्रदेश में साहू समाज की बहुलता है हर गांव में साहू समाज के लोग निवास करते हैं। इसलिए समाज की आराध्य देवी राजिम भक्तिन माता के नाम से हर गांव में चौक का निर्माण किया जाना चाहिए और समिति के द्वारा इस दिशा में अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान को आगे बढ़ाएं यह साहू समाज का गौरव बढ़ाने वाला कार्य है। पिछले दिनों राजधानी रायपुर के रामनगर-कोटा मुख्य मार्ग पर छग साहू संघ के निर्वाचित उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू के संरक्षण एवं राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. नारायण साहू के मार्गदर्शन तथा परिक्षेत्र साहू समाज रामनगर रायपुर के सहयोग से राजिम भक्तिन माता चौक की स्थापना हुई है। यह अनुकरणीय पहल है। इस तरह का प्रयास छग के हरेक जिला मुख्यालय में राजिम भक्तिन माता के नाम से चौक निर्माण होना चाहिए। इससे समाज में सामाजिक चेतना का जागरण होगा।



### जिला स्तरीय आवास मेला आज

**गरियाबंद।** राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के भूमिपूजन एवं गृहप्रवेश कार्यक्रम आयोजन के निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में 08 अक्टूबर को जिला स्तरीय आवास मेला कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम गरियाबंद के गांधी मैदान स्थित मंगल भवन में दोपहर 2 बजे से आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आवास मेला में पीएम आवास योजना के अंतर्गत पूर्ण आवास के हितग्राहियों को चाबी एवं नये स्वीकृत आवास के हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश प्रदान किया जायेगा। साथ ही हितग्राहियों को सम्मानित भी किया जयेगा। इसके अलावा श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, स्वाइल हेल्थ कार्ड, पोषण किट आदि का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं से संबंधित विभागीय स्टॉल लगाये जायेंगे।

### आज निकलेगी भाजपा की सदस्यता रथ यात्रा

**राजिम।** राजीव लोचन मंदिर प्रांगण में सदस्यता अभियान रथ यात्रा 8 अक्टूबर को सुबह 10 बजे निकलेगी। यह जानकारी देते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ. योगीराज माखन कश्यप ने बताया कि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के निर्देश पर भाजपा सदस्यता अभियान रथ यात्रा को भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा भाजपा ध्वज दिखाकर रवाना किया जाएगा। इस रथयात्रा में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य, जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति, विशेष आमंत्रित सदस्य, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल कार्यसमिति एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

# देवी मंदिरों में सोलह श्रृंगार कर हुई पूजा-अर्चना और की गई आराधना

## गायत्री मंदिर, केरापानी रानी मां व मुढ़ीपानी शीतला मंदिर में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

शारदीय नवरात्रि के प्रारंभ होते ही लोगों में उत्साह व उमंग के साथ ही वातावरण में धार्मिकता का बोध होने लगा है। नवरात्र के पंचमी पर्व पर सोमवार को देवी मां की विशेष श्रृंगार के साथ स्कंदमाता स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। पंचमी पर विशेष महत्व के चलते रसेला के शीतला मंदिर, गायत्री मंदिर, केरापानी रानी मां, मुढीपानी शीतला मंदिर, कुडेरादादर स्थापित दूर्गा, अंजनी आश्रम कुडेरादादर, गरजाई, जटयाई, मेडकीडबरी, कनसिघी, सेम्हरा, टेगनाबासा, रावनाभाटा सहित सभी देवी मंदिरों में आस्था का जनसैलाब उमड़ा पड़ा। घंटी व शंख की गूंज से रसेला सहित अंचल में भक्तिमय वातावरण बना रहा। पंचमी पर माता रानी का विधिवत पूजा अर्चना कर सात प्रकार का फल व विशेष चना दाल का प्रसाद चढ़ाकर सोलह श्रृंगार किया गया। इसके पहले बैगा और उनके सहयोगी ढोल मजीरा, मांदर बजाते हुए गांव के सभी देवी देवताओं को सह सम्मान शीतला मंदिर में लाकर पूजा अर्चना कर महा आरती किया गया। मान्यता है कि पंचमी पर्व के बाद ही महिलाएं दर्शन करने जाते हैं, इसके पहले महिलाओं का जाना वर्जित रहता हैं। सोलह श्रृंगार का भी बहुत बड़ा महत्व बताया गया है, यही वजह है कि स्त्रियां को हर तीज त्यौहार पर श्रृंगार करने के लिए कहा जाता है। सोलह श्रृंगार का संबंध घर की सुख समृद्धि से जुडा हुआ है पंडित गोलू मिश्रा ने बताया कि ऋग्वेद में भी कहा गया है कि सोलह श्रृंगार सिर्फ खूबसूरती ही नहीं भाग्य को भी चमकता है, यही वजह है कि महिलाएं नवरात्रि में मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए इस पावन पर्व पर श्रृंगार करती है। मां का सोलह श्रृंगार करने से घर में और जीवन में सोभाग्य आता है, जीवन में खुशियां ही खुशियां आती है और जीवनसाथी का स्वास्थ्य अच्छा बना रहता है। माता रानी को श्रृंगार में लाल चुनरी, लाल चूड़ियां, सिंदूर, बिंदी, काजल, मेंहदी, महावर, शीशा, इत्र, चोटी, गले के लिए माला, नेलपॉलिश, लिपस्टिक, चोटी के लिए बैंड, नथ, गजरा, मांग टीका, कान की बाली, कंघी, लाला साड़ी आदि मां दुर्गा को समर्पित किया गया।



### जसगीतों के साथ माता की हो रही सेवा -भक्ति



मिश्रा ने कहा कि सोलह श्रृंगार में मौजूद हर एक श्रृंगार का अलग अर्थ है। वहीं रात में ढोल, नगाड़े, झाज मंजीरे के साथ श्रद्धालु एकत्रित होकर जसगीतों के साथ मां की सेवा कर रहे हैं। माता के मंदिरों में भक्त सुख समृद्धि बनाए रखने की कामना करते हुए आराधना में लीन है। पंचमी पर सभी मंदिरों व दूर्गा स्थल पर पूजन करने सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचते रहे। शीतला मंदिर रसेला में पंचमी पर्व पर दर्शन करने आने वाले सभी श्रद्धालुओं को भोजन खिला रहे थे। इस तरह क्षेत्र में पंचमी पर्व को विधिवत पूजा अर्चना कर मनाया गया।

## निर्देश : आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र निर्माण में लाएं तेजी

# लंबित राजस्व प्रकरणों का तेजी से करें निराकरण : कलेक्टर अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली, नक्शा बटांकन, अभिलेखों की शुद्धता, डायवर्सन आदि राजस्व प्रकरणों की अनुविभागवार गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने लोगों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए लंबित राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रकरण निराकरण पश्चात उसका अभिलेख दुरुस्तीकरण भी तय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूली एवं कॉलेज विद्यार्थियों के आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छुटे हुए बच्चों के प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जाए। कलेक्टर ने आरबीसी 6-4 एवं फसल क्षति के प्रकरणों पर कार्ययोजना बनाकर मुआवजा प्रकरणों का गंभीरतापूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने स्वामित्व योजना के तहत शासन के निर्देशानुसार सभी कार्यों को 31 अक्टूबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।



### खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई करें

कलेक्टर ने बैठक में अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों से उनके न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों एवं मुआवजा भुगतान, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनशिकायत, जनदर्शन, जनचौपाल इत्यादि प्रकरणों को अभियान चलाकर जल्द ही निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बैठक में व्यपवर्तन, नगरीय क्षेत्रों में शासकीय व नजूल भूमि का आबंटन, वृक्ष कटाई की अनुमति, ई-कोर्ट पोर्टल में दर्ज प्रकरणों की स्थिति संबंधी न्यायालयीन प्रकरणों के साथ-साथ ऑनलाइन नामांतरण पंजी, डिजिटल हस्ताक्षर, आधार प्रविष्टि, अभिलेख शुद्धता, नक्शा बटांकन, आरबीसी-6-4, जाति-आय-निवास प्रमाण-पत्र, पटवारी की उसके मुख्यालय ग्राम में उपस्थिति, भू-बंटन, भू-अर्जन, वसूली, अवैध उत्खनन, अतिक्रमण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, भूमि आबंटन-व्यवस्थापन, लोकसेवा गारंटी एवं वन अधिकार पत्रों का दावा निपटान जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में अवैध निर्माण, अवैध कॉलोनी निर्माण पर कार्यवाही करने, भूमि आबंटन के प्रकरणों में जांच प्रतिवेदन समय पर प्रस्तुत करने व भू-अर्जन के प्रकरणों में मुआवजा राशि का वितरण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही भू-राजस्व की वसूली की कार्यवाही में गति लाने, अवैध उत्खनन रोकने एवं अतिक्रमण के मामलों में आदेश पारित करने के उपरांत आदेश के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

### लोकसेवा केंद्र के लंबित आवेदनों की जानकारी ली

कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों से उनके क्षेत्र अंतर्गत पंजीकृत राजस्व प्रकरणों की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही लंबे समय से दर्ज प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालयों में दर्ज प्रकरण समय-सीमा के बाहर नहीं जाने चाहिए। उनका निराकरण तय सीमा के अंतर्गत हो जाना चाहिए। कलेक्टर ने शासन के मंशानुसार लोगों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सक्रियता के साथ गंभीरतापूर्वक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने वन अधिकार पट्टों का डिजिटाइजेशन, अभिलेख कोष्ठ में अभिलेख जमा करने की स्थिति, मसाहती, असर्वेक्षित ग्रामों का सर्वेक्षण, शासकीय उचित मूल्य दुकान, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण, पटवारी, राजस्व निरीक्षकों की बैठक लोकसेवा केंद्र के अंतर्गत लंबित आवेदनों की जानकारी, लंबी अवधि तक अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही एवं लंबित अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

# अनशन पर दिव्यांग, नौकरी पर रखने व इलाज की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जब जिंदगी में एक ही झटका काफी नहीं था, तो दिव्यांग अनिल कुमार यादव की मुश्किलों ने उन्हें बार-बार घेर लिया। पहले नौकरी गई, फिर बीमारी ने जकड़ लिया, और अंत में पत्नी ने भी साथ छोड़ दिया। अब इन तमाम मुश्किलों से हार मानकर जो कभी वन विभाग गरियाबंद में दैनिक वेतनभोगी चौकीदार था। वह ट्राई साइकिल पर बैठे संयुक्त जिला कार्यालय के सामने आमरण अनशन पर हैं।

वह वन विभाग गरियाबंद में चौकीदार के रूप में काम कर रहे थे। लेकिन 2017 में ब्रेन हेमरेज और लकवा हो गया। इस जानलेवा बीमारी ने न सिर्फ उनके शरीर को कमजोर किया, बल्कि उनकी नौकरी भी छीन ली। बिना किसी सूचना व मदद केवन विभाग ने उन्हें सेवा से हटा दिया।

बीमारी से जूझते हुए, जब उन्हें अपने जीवन साथी की सबसे अधिक जरूरत थी, उनकी पत्नी भी उन्हें छोड़कर चली गई। अब अनिल यादव का जीवन पूरी तरह से अंधकारमय हो गया है। अब न्याय के लिए अब आमरण अनशन का रास्ता चुना है। उनकी मांग है कि उन्हें उनकी खोई हुई नौकरी वापस दी जाए और उनकी चिकित्सा का समुचित प्रबंध किया जाए। उन्होंने साफ कह दिया है कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं होतीं, तो वह इच्छा मृत्यु की मांग करेंगे। गरियाबंद के नागरिक भी अब उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार और वन विभाग जल्द ही इस मामले में हस्तक्षेप करें और अनिल को न्याय मिले, ताकि उनकी जिंदगी में एक बार फिर से रोशनी की किरण लौट सके।

### स्वयं कार्य से अलग हुआ

वहीं इस संबंध में डीएफओ लक्ष्मण सिंह ने लिखित जवाब में कहा है कि आवेदक का 2017 से वन विभाग से कोई संबंध नहीं है। यादव ने स्वयं स्वीकार किया है कि स्वास्थ्य कारणों से वह कार्य से स्वतः अलग हो गए थे। विभाग के पास ऐसी कोई योजना नहीं है जो इस स्थिति में सहायता प्रदान कर सके।

# पूर्ण हो चुके आवास में गृह प्रवेश हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा




प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष जनजाति कमार परिवारों को आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। आवास निर्माण के लिए 6 अक्टूबर को भूमि पूजन एवं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में क्षेत्र के जनपद सदस्य अशोक पटेल, सरपंच एवं जनपद पंचायत के सीईओ आर के ध्रुव सहित ग्राम के ग्रामीण उपस्थित थे। जनपद के सीईओ ने बताया कि आवास योजना का कार्य तेजी से चल रहा है, विशेष कर कमार जनजातियों के आवासों के निर्माण में तेजी लाई जा रही है। जहां पूर्ण उन्हें तत्काल गृह प्रवेश कराया जा रहा है एवं स्वीकृति के पश्चात लगातार निर्माण कार्य चल रहे हैं। कार्यक्रम में जनपद सदस्य, पटेल, सरपंच, सचिव, पंच एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने जागरूकता रथ को रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जागरूकता रथ में एलईडी के माध्यम से बेटियों के प्रति भेदभाव की समस्या पर अंकुश लगाने लोगों को जागरूक किया जायेगा। साथ ही दहेज के सामाजिक मानक, पितृसत्तामक आदि नकारात्मक सोच को बदलने के लिए जागरूकता रथ गांव-गांव जाकर बेटियों के प्रति सकारात्मक संदेश का प्रचार करेगा। भारत सरकार की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना का जागरूकता रथ जिले के सभी विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों तथा शहरी क्षेत्रों में बेटियों के प्रति नकारात्मक सोच को बदलने एवं बेटियों को बचाने, बेटियों को पढ़ाने एवं आगे बढ़ाने में सेतु का कार्य करेगा। इसके साथ ही इस जागरूकता रथ में लगी एलईडी के माध्यम से मतदान के प्रति भी लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस अभियान के माध्यम से बालिकाओं को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए इनके प्रावधानों की जानकारी भी ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचेगी।

## श्री खंडोबा तुलजा भवानी मंदिर में 179 ज्योत कलश प्रज्ज्वलित

**राजिम।** नवरात्रि के पावन पर्व पर राजिम के समस्त देवी मंदिरों में धूम है। सभी मंदिरो में श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति प्रजवलित करायी गई है। इसी तरह मराठों के इष्ट मार्तण्ड मल्हारी श्री खंडोबा जी एवं कुल स्वामिनी आई तुलजा भवानी मंदिर में 179 मनोकामना ज्योति कलश प्रजवलित किया गया है। ज्योति प्रज्जवलित कराने वालों में राजिम-नवापारा मराठा परिवार के अतिरिक्त अन्य समाज के लोग भी शामिल हैं, इसके अलावा मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश व कई जिलों के देवी मां के भक्तो ने ज्योति जलवाई है। मंदिर में श्रद्धालुओ का ताँता लगा हुआ है। समाज के अध्यक्ष ललित महाड़िक ने बताया कि विगत 24 सालों से दोनो नवरात्रि में लगातार ज्योति कलश की संख्या बढ़ती जा रही है। लोग ज्योति के बहाने से आपस में भाईचारे के साथ मिल बैठ रहे है। जो राजिम की विशेषता रही है।






# बारिश से किसान की चिंता बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम।

सोमवार को पूरा दिन आसमान साफ रहने के बाद शाम को अचानक मौसम में बदलाव आ गया। देखते ही देखते काली घटा छा गई और इसी के साथ जोरदार झमाझम बारिश शुरू हो गई। अचानक हुए इस बारिश से लोग जहां थे वहीं पर रूकने के लिए मजबूर हो गए। इस तरह से बारिश को देखकर किसानों का चिंतित होना लाजिमी हैं क्योंकि खरीफ सीजन के धान की कटाई कहीं-कहीं शुरू हो चुका है। अब ऐसे समय में बिन मौसम बारिश होने से फसल में कीट प्रकोप के साथ ही फसल नुकसान होने की संभावना बढ़ गई है। किसान अब अर्ली वैरायटी के फसल को किस तरह बचाए इसी चिंता में डुब गए। क्योंकि ऊपर से खेत गीला है और आसमानी बारिश से दो तरफा प्रहार पड़ा है। वैसे भी खेतों में इन दिनों तरह-तरह के बीमारी लग ही रहा है। जो फसल कटाई के लायक हो चुके हैं उसके लिए यह बारिश आफत से कम नहीं है।



## खबर संक्षेप



### गिधनी के शीतला मंन्दिर में जले आस्था के ज्योत

**मुडागांव(कोरासी)।** ग्राम गिधनी के शीतला मंन्दिर माता के दरबार में गुरुवार को नवरात्रि के शुभ अवसर पर ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया। जिसमें पूरे नौ दिनों तक प्रतिदिन सुबह-शाम माता जी की आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्ति गण शामिल हो रहे हैं। और प्रतिदिन सेवक समाज द्वारा माता के सेवा में लगे हुए हैं।

### नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए अश्वनी प्रेक्षक नियुक्त



**गरियाबंद।** जिले के नगरीय निकाया एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचक नामावली तैयार, पुनरीक्षत कार्य के लिए जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक देवांगन गत दिवस गरियाबंद जिले के अंतर्गत नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों में चल रहे निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यों का जायजा लेकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन राकेश गोलछा को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि निर्वाचक नामावली के संबंध में प्रेक्षक अश्वनी देवांगन से न्यू सर्किट हाऊस के कक्ष क्रमांक 02 में कार्यालयीन समय पर संपर्क किया जा सकता है।

### छेड़छाड़ के आरोप में एचएम गिरफ्तार

**राजिम।** लफंदी गांव के एक महिला की रिपोर्ट पर राजिम टीआई अमृत लाल साहू ने देवरी के शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधानपाठक संतोष कुमार साहू



प्रखर को छेड़छाड़ की धारा 74-126 (2) 351 (3) के तहत गिरफ्तार कर गरियाबंद जेल दाखिल किया है। टीआई श्री साहू ने बताया कि रविवार को महिला थाना पहुंचकर प्रधानपाठक के खिलाफ छेड़छाड़ किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। विवेचना के दौरान बयान लिए गए जिस पर विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया। प्रधानपाठक के इस बेजा हरकत से शिक्षा जगत शर्मसार हुआ है। इसके पहले भी जिन स्कूलो में ये पदस्थ रहे वहां की इनकी कई शिकायतें सुनने में आती रही है। एक बार इन्हें अटैच भी किया गया था।

### सरकड़ा में माटी के फूल रामधुनी झांकी आज

**पाण्डुका।** ग्राम सरकड़ा में एक दिवसीय माटी के फूल रामधुनी झांकी बेलटुकरी (राजिम) का कार्यक्रम 8 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से रखा गया है। यह कार्यक्रम आयोजक समिति जय माँ शीतला दुर्गाउत्सव घनश्यामदेव चौक के सदस्यों द्वारा रखा गया है।

### अमेरा में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**नर्रा।** संगी साथी युवा क्लब ग्राम अमेरा उखरा के तत्वावधान में शारदीय क्वांर नवरात्रि पर 8 अक्टूबर को रात्रि में डीजे डांस स्पर्धा का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रविन्द्रराजसिंह ठाकुर एवं भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू होंगे। विशेष अतिथि मे सरपंच मति पमेला ईश्वर ठाकुर करेंगे।

## निधन

### सनत तिवारी

**राजिम।** रायपुर के मुकुट नगर निवासी डॉ. सनत तिवारी उम्र 78



वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रायपुर के महादेव घाट में 8 अक्टूबर को सुबह 10 बजे होगी। वे हरिभूमि के सहायक महाप्रबंधक प्रशांत तिवारी, प्रीति चतुर्वेदी, प्राची शुक्ला के पिता थे।

# पहाड़ी पर विराजीं हैं मां पैरी, नवरात्रि में आशीर्वाद लेने पहुंच रहे प्रदेशभर से श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गगन भेदी जयकारों के साथ सैकड़ों माता के भक्त श्रध्दालुओं की भीड़ पैरी उद्गम भाठीगढ़ में नवरात्रि प्रारंभ होते ही भारी संख्या में प्रदेश के कोने- कोने से पहुंच रही है। क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थल के रूप में विख्यात पैरी उद्गम तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 03 किमी की दूरी पर स्थित है, यहां घने जंगल व कई मनोरम दृश्य के साथ विशाल पहाड़ी है और इस पहाड़ी से पैरी नदी का जन्म हुआ है, जमीन सतह से लगभग एक हजार फीट की उंचाई पहाड़ी के ऊपर बड़े- बड़े चट्टानों के बीच से पैरी नदी का उद्गम स्थल है। जहां मंदिर का निर्माण किया गया है और इस उद्गम स्थल में प्रकृतिक जल कुंड बना हुआ है। इस कुंड से लगातार बारहो माह पानी की धार बहती रहती है जिसे पैरी उद्गम स्थल के रूप मे जानते हैं और यह पैरी उद्गम से बहने वाली पानी की धार त्रिवेणी संगम राजिम में मिलती है। माता पैरी के मंदिर में सच्चे मन से जो भी मुरादे, मन्नते मांगी जाती है उसे मां अवश्य रूप से पूरा करती है। इसलिए प्रदेश के कोने -कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ खासकर नवरात्र के अवसर पर यहां पहुंचकर पहाड़ी में चढ़कर माता से मन्नते मांगते है, पैरी उद्गम स्थल में नवरात्रि में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिल रहा है चारो तरफ यहां का माहौल धार्मिक मय हो गया है और माता के जयकारो से पूरा क्षेत्र गुंज रहा है, पैरी उद्गम पहाड़ी के नीचे पैरी विकास समिति द्वारा ज्योति कलश प्रज्जवलित कर माता सेवा किया जा रहा है और यहां रात को माता सेवा के साथ आदिवासी परम्परा अनुसार देवी देवताओं की सवारी निकाली जा रही है जिसे देखने व आशीर्वाद लेने रात को भी बड़ी संख्या मे यहां श्रध्दालु पहुंच रहे हैं, भाठीगढ़ पैरी उद्गम में मां बम्हनीन, मां दंतेश्वरी, मां भाठीगढीन, मां पहाडी वाली, मां कालाकुवंर, पाठदेवी सहित प्राकृतिक शिवलिंग का मंदिर है जहां हमेशा लोगों की भीड़ पूजा अर्चना करने उमड़ पड़ती है।

## मंदिर में सिर्फ एक व नीचे सैकड़ों की संख्या में ज्योत कलश हो रही प्रज्ज्वलित



### प्राकृतिक सौन्दर्य के बीच मां पैरी का मंदिर

पैरी उद्गमग स्थल भाठीगढ की खासियत यह है कि यहां के पहाड़ी जहां माता पैरी का मंदिर है। यह घनघोर जंगल से घिरा हुआ है। साथ ही यहां अनेक प्रकार के वन्य प्राणी सांभर, चीतल, भालू, तेन्दुआ, नीलगाय, लकडबघ्घा, मोर, हिरण आसानी से दिखाई देते हैं। लोग सिढ़ियों के माध्यम से मां पैरी के दर्शन करने पहुचते हैं पहाड़ी के ऊपर पैरी मंदिर में एक कलश नवरात्र में जलाया जाता है साथ ही नीचे सैकड़ों की संख्या में कलश प्रज्ज्वलित किये जाते हैं। यहां की यह भी खासियत है कि इस पैरी मंदिर में पहुचने वाले श्रद्धालु पैरी कुंण्ड का पानी पतल से प्रसाद के रूप में ग्रहण करते है। इस संबंध मे चर्चा करने पर पैरी विकास समिति के आशाराम यादव, नकछेड़ा राम धुर्वा, नाथुराम धुर्वा, हरिश्चन्द्र नेगी, खेदू नेगी, पुरोहित राजेन्द्र प्रसाद, डाकेश्वर नेगी, राजेन्द्र साहू, राजेन्द्र नागेश, लिलेश साहू, खेलन धुवा, अमृत धुव, छबीलाल धुव, देवसिंह चक्रधारी, सीतल नेगी ने बताया कि भाठीगढ़ पैरी उद्गम स्थल में बारहो महिना श्रध्दालुओं की भीड़ लगी रहती है, नवरात्र के अवसर पर माता के भक्त बड़ी संख्या में यहां पहुंच रहे हैं और मां सभी के मनोकामना को पूरा करती है।

## महंगाई : मांग के अनुरुप आपूर्ति कम होने से फलों की कीमतें लगातार बढ़ रही

# नवरात्रि में महंगे हुए फल, सेब 150 रु. किलो, नारियल 25 रुपए में बिक रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/रसेला

नवरात्रि के पावन पर्व के दौरान उपवास रखने की परंपरा के चलते फलों की मांग में वृद्धि देखने को मिल रही है। नारियल से लेकर फलों की कीमत आसमान छू रहा है। एक नारियल की कीमत चिल्हर में 25 रुपए में बिक रहा है। वहीं केला 60 से 80 रुपए दर्जन, सेब प्रति किलो 150 से 200 रुपए बिक रहा है। फ्रूट व्यवसायी टंकु साहू ने बताया कि नवरात्रि के दौरान उनके दुकान में ग्राहकी में काफी वृद्धि हुई है। उपवास के चलते लोग अधिक मात्रा में फल खरीद रहे हैं, जिससे फलों की मांग काफी बढ़ गई है। साहू ने कहा कि त्योहार के इस मौसम में उनकी बिक्री में अच्छा इजाफा हो रहा है और हर साल नवरात्रि के समय ऐसा होता है।

इस विशेष अवसर पर लोग उपवास के दौरान ताजे और शुद्ध खाद्य पदार्थों का सेवन करना पसंद करते हैं, जिसमें फलों का प्रमुख स्थान है। फलों की मांग में वृद्धि के कारण इस समय बाजार में फलों की कीमतों में भी इजाफा हुआ है। मांग के अनुपात में आपूर्ति कम होने से फलों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। खासतौर पर केले, सेब और अनार की कीमतों में खासा उछाल देखा जा रहा है। इस समय केले की कीमत बाजार में 60 से 80 रुपए प्रति दर्जन तक पहुंच चुकी है, जो आम दिनों में इससे काफी कम होती है। वहीं, सेबफल 100 से 150 रुपए प्रति किलो बिक रहा है, और अनार की कीमत 150 से 200 रुपए प्रति किलो के बीच हैं।



### फल दुकानों में बढ़ी ग्राहकी

त्योहार के इस मौसम में फल दुकानों पर खरीददारों की भीड़ देखी जा रही है। लोग उपवास के लिए फलों की खरीदारी कर रहे हैं, जिससे फलों की दुकानों में ग्राहकी में इजाफा हुआ है। फल विक्रेताओं का कहना है कि नवरात्रि के दौरान हर साल इसी प्रकार से फलों की मांग बढ़ती है, लेकिन इस बार कीमतों में अधिक वृद्धि हुई है। नवरात्रि का समय फल विक्रेताओं के लिए आमदनी का बड़ा स्रोत बन जाता है, वहीं उपभोक्ताओं को भी इस दौरान ताजे फलों के सेवन से स्वास्थ्य लाभ मिलता है।



### संतरा और मुसंबी के दाम में गिरावट

हालांकि, संतरा और मुसंबी जैसे फलों की आवक बढ़ने से इनके दाम स्थिर हैं या कुछ हद तक कम हुए हैं। संतरा 60 से 80 रुपए प्रति किलो की दर से बिक रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत मिल रही है। वहीं, अनानास भी बाजार में 100 रुपए प्रति नग के हिसाब से बिक रहा है।

## शरद पूर्णिमा 16 को चल रही तैयारी



**नवापारा-राजिम।** नवापारा ब्राम्हण समाज इस बार शरद पूर्णिमा को बहुत ही जोर-शोर से मनाने की तैयारी में लग गए है। 16 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा है। ब्राम्हण समाज की लगातार बैठक हो रही है। समाज को एकजुट तथा संगठित करने की मुहिम चलाई जा रही है। रविवार को समाज का एक प्रतिनिधिमंडल सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू से मुलाकात कर कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया जिसे सांसद एवं विधायक ने सहर्ष स्वीकार किया। प्रतिनिधिमंडल में आयोजन समिति के अध्यक्ष श्यामकिशोर शर्मा सहित समाज के वरिष्ठजन जिसमें कैलाश शुक्ला, प्रसन्न शर्मा, रमेश तिवारी, सौरभ शर्मा, ज्ञानेश शर्मा, अनंत पुराणिक, अजय तिवारी, मनहरण शर्मा, गुड्डू मिश्र, कैलाश तिवारी शामिल थे। समाज के वरिष्ठ प्रसन्न शर्मा, कैलाश शुक्ला, रमेश तिवारी ने बताया कि शरद पूर्णिमा इस बार वृहद रूप में मनाया जाएगा जिसकी तैयारी में समाज के लोग लग गए है। इस कार्यक्रम में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, अभनपुर के विधायक इंद्रकुमार साहू की सहमति मिल गई है इसके साथ ही कई राजनेताओं व समाज के वरिष्ठों को आमंत्रित किया जाएगा। शरद पूर्णिमा का यह कार्यक्रम रायपुर रोड स्थित विप्र भवन में होगा जहां बड़ा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए 11 सदस्यीय कोर कमेटी बनाई गई है जो तैयारी में लगे हुए है। शरद पूर्णिमा के इस कार्यक्रम में नवापारा-राजिम, पारागांव, तर्री सहित आस-पास के बहुत सारे गांव के समाज के लोगों को आमंत्रित किया जाएगा और भव्य रूप में इस कार्यक्रम को मनाया जाएगा।

## कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत : सिंघल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

पूरे देश में 1 सितम्बर से भाजपा का सदस्यता अभियान जारी है। भाजपा के बड़े नेता से लेकर कार्यकर्ता गांव -गांव पहुंचकर केन्द्र नरेन्द्र मोदी सरकार एवं राज्य के विष्णुदेव सरकार के योजनाओं की जानकारी देते हुए भाजपा की सदस्यता दिला रहे हैं। जनपद पंचायत के अध्यक्ष नेहा सिंघल इन दिनों दूरस्त ग्रामों तक पहुंचकर भाजपा सदस्यता अभियान के लिए पूरी ताकत झोक दी हैं। ग्राम पंचायत गंगराजपुर, झाखरपारा घुमरगुढा, देवभोग, दिवानमुडा, डोहेल, गिरसूल, बाडीगांव, करवागुडा, रोहनागुडा, कुम्डई खुर्द लाटापारा, जामगांव ,पोढागुढा, मुरलीगुडा, सरगीबहली, साहसखोल, चिंगराभाठा, दाबरीभाठा आदि गांव में जाकर जनसम्पर्क कर सदस्यता अभियान के तहत लोगों को भाजपा का सदस्य बना रहे हैं। साथ ही राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं से लोगों को अवगत करा रहे हैं। ग्रामों में सभा का आयोजन कर योजनाओं की जानकारी दिया जा रहा है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल ने कहा की भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र के निर्माण के लिए कार्य करती है। देश के वैभव को शिखर तक पहुंचाने अधिक से अधिक लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होने कहा की कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत है।



## खोरपा के बच्चे धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

प्राथमिक शाला खोरपा के बच्चो को क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक स्थानो का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। हेडमास्टर केपी साहू ने बताया कि बच्चे हमारे देश के भविष्य है से मे बच्चो को हमारे इतिहास,धार्मिक संस्कार,सांस्कृतिक विषयो की जानकारी से अवगत कराना हमारी जिम्मेदारी है। बच्चो को स्कूली ज्ञान के साथ बाहरी परिवेशो के बारे मे भी जानकारी देना चाहिए ताकि बच्चे स्वतंत्र होकर नवाचार करे एवं मन लगाकर पढ़ाई भी करे ,बच्चो को कूप मानसिकता से दूर रखने का अच्छा माध्यम शैक्षणिक भ्रमण है जिससे बच्चो के अंदर मौजूद तनाव भी कम हो जाता है इसी उद्देश्य को लेकर बच्चो को चंपारण,जतमई,घटारानी धाम सिरकट्टी आश्रम भ्रमण कराया गया है। श्री साहू ने इस भ्रमण को उत्साहजनक बताते आगे भविष्य मे इसी प्रकार के प्रयास जारी रखने की बात कही। इस दौरान परमेश्वर सिंह राजपूत,श्रीमति डूमेश्वरी चौधरी,सरपंच रेखा मिथलेश बघेल,सेउक राम पटेल,श्रीमति अनुसूईयां देवांगन,तेजप्रताप पटेल,श्रीमति कमला साहू,सावित्री साहू,ईश्वरी साहू,नर्मदा साहू,पार्वती साहू व बच्चे मौजूद रहे।

## मंदिर में हुई शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा

**कोपरा।** ग्राम धुरसा में शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा एवं लोकार्पण समारोह रखा गया था। जिसमें शनिवार को कलश यात्रा एवं वेदीपूजन किया गया। वहीं रविवार को सुबह पूजन व अन्नधीवास किया गया और सोमवार को शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा एवं लोकार्पण कार्यक्रम किया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में क्षेत्र के जमींदार राघोबा महाडिक सहित पूरे परिवार शामिल हुए, सरपंच रमेन्द्र साहू ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



## नवापारा से भाजयुमो का सदस्यता अभियान प्रारंभ





**नवापारा-राजिम।** रविवार की सुबह भाजयुमो रायपुर जिला ग्रामीण के तत्वावधान में नवापारा मण्डल से रथयात्रा की शुरूआत भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम नारंग, प्रदेश उपाध्यक्ष रितेश मोहरे, प्रदेश उपाध्यक्ष हरिओम साहू , भाजयुमों जिलाध्यक्ष फनेन्द्र वर्मा की अगुवाई में अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, अपैक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज, अशोक पांडेय, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल , जिला मंत्री परदेशी राम साहू ने भाजपा ध्वज दिखाकर रथ को जय जय श्री राम के उदघोष के साथ रवाना किया। अभियान में भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, भाजयुमों अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, बॉबी चावला, मुकुंद मेश्राम, संजय साहू, कैलाश तिवारी, साधना सौरज, धीरज साहू, टिंकू सोनी , सिंटू जैन, राजू रजक, अंकित मेघवानी, नितुल देवांगन, युवराज यादव, रमन सोनकर, गोयल भट्ट, सचिन सचदेव, गजेन्द्र यादव, हर्षा कंसारी, प्रभा बांसवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## बहरापाल में हुआ जिला स्तरीय हास्य कवि सम्मेलन

# साहित्यकार समाज को जगाने का काम करते हैं : पुष्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत बहरापाल बोरसी में अटल चौंक नव दुर्गोत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से जिला स्तरीय विराट हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन मुख्य अतिथि पुष्पा जगन्नाथ साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर, अध्यक्षता माधुरी महेंद्र साहू सरपंच ग्राम पंचायत बहरहाल, विशिष्ट अतिथि राधेश्याम साहू जनपद सदस्य, हरिशंकर साहू, टीकाराम दीवान, केशवराम, राजेन्द्र साहू भूवन साहू की गरिमामय उपस्थिति में मां शारदे की पूजा अर्चना पश्चात सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि उद्बोधन में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा जगन्नाथ साहू ने कहा की कवि जो देखता है वहीं लिखता है। एक साहित्यकार समाज राष्ट्र को जगाने का काम करता है। भागमभाग के इस दौर में लोग हंसना भूल गए हैं। ऐसे दौर में एक साहित्यकार अपने लेखनी रूपी विचारों के द्वारा लोगों कों हंसाने में गुदगुदाने में लगे हुए हैं। कवि का जीवन समाज, राष्ट्र के उत्थान के लिए समर्पित होता हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में माधुरी महेंद्र साहू ने कहा नवरात्रि में नव दिनों तक भक्ति रंग में डूबकर माता रानी की अराधना करते हैं जो अलग-अलग रूपों में माता रानी के दर्शन कर पुण्य की भागीदारी बनते हैं। गरियाबंद एवं रायपुर जिले से आए साहित्यकारों ने देर रात्रि तक अपने हास-परिहास से दर्शक दीर्घा को हंसी से लोटपोट करते हुए खुब मनोरंजन किया। प्रमुख कवि के रूप में मकसूदन साहू बरीवाला नवापारा राजिम जिला रायपुर, संतोष कुमार सोनकर मंडल चौबेबांधा राजिम, थानू राम निषाद फिंगेश्वर, टीकमचंद सेन दीवाकर रांवड, फनेन्द्र साहू कोपरा, राज साहू कोपरा, मोतीलाल साहू ने एक से बढ़कर एक हास्य व्यंग की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार सोनकर ने किया।



देर रात्रि तक चला हास्य व्यंग की फूलझड़ी

